प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
76 साल बेमिसाल
www.subhartimedia.com लखनऊ, शुक्रवार, 29 मई 2020, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित
और दो हफ्ते लॉकडाउन बढ़ाने की तैयारी -12

शादी की सालगिरह पर बांटा मास्क

लखनऊ-प्रभात

कोरोना वैश्विक महामारी से विश्व के 180 से अधिक देशो में पिछले लगभग तीन माह से संक्रमण ने अपना दंश फैला रखा है। भारतवर्ष में संक्रमण की संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है जो विश्व के 57 लाख के सापेक्ष आज एक एक लाख 53 हजार पहुंच चुकी है। यद्यपि उनके ठीक होने की संख्या में जो 64.733 है, जिसका प्रतिशत 42.3 है जो अन्य देशों की अपेक्षा अधिक है तथा मृत्यु आजतक मात्र 44365 जिसका प्रतिशत 2.85 हैए जो विश्व के अन्य देशो के दर से बहुत कम है। अभी भी मजदूरों का दूसरे प्रदेशों से अपने जनपदो के तरफ वापस जाने का थमा नही हैए बल्कि इससे सभी जनपदो में संक्रमण अधिक बढता जा रहा है। यद्यपि देश की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुये कुछ क्षेत्रो मेंए कार्य.कलाप बढाने व आवागमन में बंदिशो के साथ ढील दी गयी है तथा प्रदेशों को स्वंय की परिस्थिति के अनुरूप निर्णय लेने का कुछ अधिकार भारत सरकार ने दे रखा है। अभी भी सम्पूर्ण देशवासी संकट की ऐसी घडी मेंए एकजुट होकर कोरोना के खिलाफ जंग लडने में कृत संकल्प है। प्रदेश की योगी सरकार कोरोना महामारी से निपटने के लिये हर सम्भव प्रयास कर रही है तथा मजदूरो को रोजगार देने के अवसर तथा जो अन्य प्रदेशों में लाकडाउन में फंसे मजदूरों को वापस लाने का सार्थक प्रयास कर रहीं हैं। इनमें तमाम समाजसेवी संस्थायें, संगठन अपने स्तर से भी बडी तल्लीनता से सेवाभाव में जुटी हुयी हैं।

विराम खंड.5 गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के पदाधिकारी डा भरत राज सिंह पर्यावरणविद सलाहकार और प्रचार.सचिव, ने अपनी शादी की साल.गिरह पर विराम खण्ड.5 के आस.पास मौजूद जरूरतमंद ग़रीब व बेसहारा लोगों को मास्क व फलो के 50 अदद पैकेट अपनी पत्नी मालती सिह के साथ वितरण किया। इस कार्यक्रम में विराम खंड.5 जनकल्याण महासमिति के सचिव आरएस मिश्रा व विराम खण्ड.5 जनकल्याण समिति के अन्य पदाधिकारी एसबीएल मल्होत्रा सहायक सचिव फूलो का उपहार देकर सम्मिलत हुये।